संपादकीय

वॉट्सऐप में ताकाझांकी

वॉट्सऐप कॉल के जरिए फोन जासूसी के नए खुलासे चौंकाने वाले हैं। विपक्ष ने तो इसे मुद्दा बनाया ही है, सरकार ने भी चुस्ती दिखाते हुए तत्काल वॉट्सऐप को नोटिस भेजकर उससे स्पष्टीकरण मांगा है। इस मामले में और भी खिझाने वाली बात यह है कि नागरिकों की निजता पर हुए इस हमले की सूचना हमें तब मिली जब खुद वॉट्सऐप ने अमेरिका में इजरायली कंपनी एनएसओ ग्रुप के खिलाफ केस दर्ज कराते हुए बताया कि इस कंपनी द्वारा डिवेलप किए गए सॉफ्टवेयर के जरिये दुनिया भर में 1400 लोगों के फोन से सूचनाएं उड़ाई गई हैं।

भारत में पीड़ितों के जितने भी नाम अब तक सामने आए हैं, करीब-करीब वे सारे ही किसी न किसी वजह से सरकार के निशाने पर रहे हैं। यही कारण है कि विपक्ष ने आलोचनाओं का मुंह सीधे सरकार की ओर मोड़ दिया है। संसदीय लोकतंत्र में यह एक हद तक स्वाभाविक है, लेकिन इस महत्वपूर्ण और संवेदनशील मसले पर सरकार की भूमिका को लेकर जल्दबाजी में कोई नतीजा निकालना ठीक नहीं होगा।अभी तो यही साफ होना बाकी है कि जब वॉट्सऐप को इस बात की जानकारी मिली कि उसकी सेवाओं को जरिया बनाकर उसके कुछ उपभोक्ताओं की निजता पर हमला हुआ है तो उसने अपने स्तर पर उनको सतर्क, सजग करने के लिए क्या किया। अब तक उपलब्ध तथ्यों से यही लगता है कि इंडियन यूजर्स इसकी प्राथमिकता में कहीं थे ही नहीं। अगर होते और उनके हितों की चिंता वॉट्सऐप को होती तो उन्हें सूचित और सावधान करने का जो काम केस दर्ज कराने और खबरें सार्वजनिक होने के 24-48 घंटों में किया गया, वह तभी किया जाता जब वॉट्सऐप को ऐसा कुछ किए जाने की जानकारी हासिल हुई।

बहरहाल, सबसे ज्यादा शोर अभी भले ही निजता के उल्लंघन को लेकर हो रहा हो, पर इस प्रकरण में कई और बड़े मुद्दे भी शामिल हैं। जिस तरह से वकीलों, पत्रकारों, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं और विपक्षी दलों से जुड़े लोगों को निशाना बनाए जाने की बात सामने आई है, उससे यह शांतिपूर्ण प्रतिरोध के अधिकारों को बेमानी बना देने, लोकतांत्रिक चेतना को कुंद करने और राजनीतिक गतिविधियों पर अघोषित अंकुश लगाने का मामला ज्यादा लगता है।

जैसा कुछ रिपोर्टों में बताया गया है, पीड़ितों में अगर सरकार और सेना से जुड़े लोग भी शामिल हैं तो यह सवाल भी उठता है कि क्या इसमें राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरे का कोई गंभीर पहलू भी शामिल है? स्पष्ट है कि इस जासूसी के पीछे हाथ चाहे जिसका भी रहा हो, उसकी शक्ल देश के सामने आनी चाहिए। सरकार को इस मामले की निर्मम और पारदर्शी जांच करानी चाहिए, ताकि न केवल यह मामला सुलझे बल्कि संबंधित इजराइली कंपनी समेत हर दोषी के लिए ऐसी सजा का इंतजाम हो सके, जिसे याद करके कोई भी ऐसा करने से पहले हजार बार सोचे।

35वां आसियान शिखर सम्मेलन शुरू, 3.4 अरब लोगों के ट्रेड समझौते पर टिकीं भारतीय कारोबारियों की नजरें

बैंकॉक । बहुपक्षीय व्यापार और संपर्क सूत्र बढ़ाने के मुद्दों पर केंद्रित दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) के 35 वें शिखर सम्मेलन और अन्य संबंधित शिखर सम्मेलन रविवार को शुरू हो गए। थाईलैंड के प्रधानमंत्री प्रयुत चान-ओ-चा ने शिखर सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा,एक समृद्ध और स्थिर क्षेत्र बनाने के लिए हमें इस वर्ष के अंतर क्षेत्रीय समग्र आर्थिक साझेदारी (आरसीईपी) की असहमतियों को

खत्म करने के लिए लगातार काम करना रखना चाहिए ताकि क्षेत्र में आर्थिक विकास के साथ-साथ व्यापार और निवेश बढ़ सके। उन्होंने विश्व व्यापार संगठन के साथ-साथ क्षेत्रीय और उप-क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग ढांचे के दायरे में बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली के लिए निरंतर सहयोग करने का भी आह्वान किया ताकि आसियान और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था के लचीलापन को मजबूत किया जा सके।

उम्मीद की जा रही है कि इस समिट में भारत RCEP पैक्ट पर भारत साइन कर देगा। कांग्रेस इसका जबर्दस्त विरोध कर रही है तो भारतीय उद्योग जगत ने भी चिंता जताई है। आरसीईपी एक ट्रेड अग्रीमेंट है जो सदस्य देशों को एक दूसरे के साथ व्यापार में सहूलियत प्रदान करता है। एग्रीमेंट के तहत सदस्य देशों को आयात और निर्यात पर लगने वाला टैक्स नहीं भरना पड़ता है या बहुत कम भरना पड़ता है। इस एग्रीमेंट पर आसियान के 10 देशों के साथ-साथ छह अन्य देश, जिसमें भारत भी शामिल है, दस्तखत करेंगे।

RCEP के सदस्य देशों पर ध्यान दें तो 10 आसियान सदस्यों के अलावा इसमें भारत, चीन, जापान, साउथ कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड शामिल हैं। यह एग्रीमेंट दुनिया के 3.4 अरब लोगों के बीच एक समझौता होगा और यह विश्व का सबसे बड़ा फ्री ट्रेड पैक्ट होगा।

मोदी की अपील, भारत में निवेश करें निवेशक

बैंकॉक। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निवेशको से आसान व्यवसाय के लिए भारत में निवेश करने की अपील करते हुए रविवार को कहा कि भारत निवेश के लिए दुनिया की सबसे आकर्षक अर्थव्यस्था है। मोदी ने रविवार को यहां आदित्य बिरला समूह के सवर्ण जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में निवेश करने का यह सबसे अच्छा अवसर है। उन्होंने कहा, भारत निवेश के लिए दुनिया का सबसे आकर्षक अर्थव्यवस्ता है और देश में बड़े बदलाव किये जा रहे हैं। भारत में काम करने से रोकने की प्रशासनिक प्रणाली खत्म हो चुकी है। प्रधानमंत्री ने निवेशकों से भारत में निवेश करने की अपील करते हुए कहा, निवेश और आसान व्यवसाय के लिए भारत आइए। नया करने और कारोबार शुरू करने के लिए भारत आइए। कुछ सर्वश्रेष्ठ पर्यटन स्थलों का भ्रमण करने और वहां के लोगों का हार्दिक सत्कार पाने के लिए भारत आइए। भारत आपका स्वागत करने के लिए इंतजार कर रहा है। उन्होंने कहा कि वाणिज्य और संस्कृति एकजुट करने के लिए 'अंतर्निहित शक्तियां' हैं और सदियों से संन्यासियों और व्यापारियों ने दूर-दूर तक दौरा किया है।

सोना 100 रुपए, चांदी 150 रुपए हुई तेज

नई दिल्ली। दिल्ली सर्राफा बाजार में बीते सप्ताह उतार.चढ़ाव भरे कारोबार के बीच सप्ताहांत दोनों कीमती धातुओं में सामान्य तेजी दर्ज की गई । सोना स्टैंडर्ड सौ रुपए प्रति दस ग्राम मजबूत हुआ। चांदी हाजिर में 150 रुपए प्रति किलो की तेजी आई। कारोबारियों के अनुसार दिवाली के बाद मांग कमजोर रही। सप्ताह के शुरुआत दो दिन बाजार गोवधर्न पूजा और भैया दूज के

उपलक्ष्य में बंद रहे। चार दिन के कारोबारी सप्ताह में दोनों धातुओं ने उठापटक बनी रही। बीते सप्ताह विदेशी बाजारों में सोने में अच्छी तेजी देखी गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में पीली धातु की कीमत करीब दस डालर उछलकर 1514 डालर प्रति ट्राय औंस के आस पास रही। हालांकि चांदी उतार-चढ़ाव के उपरांत 18 डालर प्रति ट्राय औंस पर स्थिर थी।

भारत-बांग्लादेश के बीच दिल्ली में टी-20 मैच होने पर छाई स्मॉग की धुंध?

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में छाई स्मॉग की मोटी चादर के चलते एक तरफ स्कूलों को 5 नवंबर तक बंद करने का आदेश दिया गया है तो दूसरी तरफ फ्लाइट्स के ऑपरेशन पर भी असर है। इस बीच अब दिल्ली के फिरोज शाह कोटला मैदान में आज शाम भारत और बांग्लादेश के बीच होने वाले टी-20 मैच पर भी स्मॉग की धुंध छाने की आशंका है। हालांकि बीसीसीआई के सूत्रों ने कहा है कि स्मॉग को लेकर मैच कैंसल होने की बात करना अभी जल्दबाजी होगा।

भारत और बांग्लादेश के बीच शाम 7 बजे से टी-20 मैच होना है। मैदान पर अब भी धुंध छाई हुई है। ट्विटर पर लोग मैदान की तस्वीरें शेयर कर सवाल कर रहे हैं कि आखिर जब स्कूल बंद हैं और फ्लाइट्स का ऑपरेशन प्रभावित है तो फिर मैच क्यों?

गांगुली बोले, अंतिम समय में नहीं कर सकते कैंसल-

मैच रद होने की आशंका को लेकर पूछे गए सवालों पर बीसीसीआई के नए अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा है, दिल्ली अथॉरिटीज को उम्मीद है कि मैच होगा। मैच लंबे समय से तय था, ऐसे में आखिरी वक्त में इसे कैंसल नहीं किया जा सकता।

महिला हाकी शिविर के लिए 39 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा

नई दिल्ली। हाकी इंडिया ने बेंगलुरू के साई केंद्र में लगने वाले भारतीय महिला टीम के कोचिंग शिविर के लिये रविवार को 39 संभावित खिलाड़ियों के नाम की घोषणा की। खिलाड़ी 28 नवंबर तक चलने वाले इस शिविर में कोच बलजीत सिंह सैनी के मार्गदर्शन में हिस्सा लेंगे। भारतीय जूनियर महिला टीम को आस्ट्रेलिया में तीन दिसंबर से त्रिकोणीय टूर्नामेंट में भाग लेना है जिसमें तीसरी टीम न्यूजीलैंड है। सैनी ने कहा, '' खिलाड़ियों को अक्टूबर में लगे पिछले शिविर में कड़ा प्रशिक्षण दिया गया और उन्होंने कई पहलुओं में सुधार किया है।'' भारतीय कोच ने कहा, '' हमें आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड से कड़ी चुनौती मिलने की उम्मीद है। इसलिए हमने कुछ और खामियों पर काम करने की जरूरत है जिस पर

हम अगले राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में काम करेंगे।'' कोच ने सीनियर टीम की छह खिलाड़ियों को संभावितों की सूची में जगह मिलने पर खुशी जतायी। जूनियर आयु वर्ग में आने वाली राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी सुमन देवी थौदाम, बिचु देवी खारिबाम, महिमा चौधरी, रीत, चेतना और शर्मिला देवी इस शिविर में शामिल होगी।

यामी गौतम ने कहा- खूबसूरती की परिभाषा पर बातचीत शुरू होने पर खुश हूं

कई सालों से एक मशहूर फेयरनेस क्रीम ब्रांड के साथ जुड़ीं बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम कहना है कि उन्हें इस बात की खुशी है कि वक्त के साथ-साथ खूबसूरती की परिभाषा बदल गई है और अब गोरा रंग खूबसूरती का मापदंड नहीं रहा है. यामी की आगामी फिल्म बाला भी खूबसूरती को संबोधित करती है, फिल्म वक्त से पहले गंजे हुए एक युवक और एक सांवली रंग की लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है. फिल्म के इन दोनों किरदारों को आयुष्मान खुराना और भूमि पेडनेकर ने निभाया है. इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि यामी एक मशहूर फेयरनेस क्रीम का चेहरा है जो रंगवाद को बढ़ावा देती है. भारत में सांवली या गाढ़े रंग की महिलाओं को जिस तरह से निरंतर आलोचनाओं का सामना करना पड़ता है, इसे वह किस तरह से देखती हैं? क्या एक सेलेब्रिटी के तौर पर उन्होंने इस पर कोई स्टैंड लिया है? यामी ने इसके जवाब में कहा, सोशल मीडिया और फिल्में उन्हीं चीजों को उजागर करती हैं, जो सदियों से हमारे चारों ओर मौजूद है. उस वक्त इन एड फिल्मों को बनाने की वजह भी यह थी. उस वक्त खूबसूरती की परिभाषा ये थी कि एक अच्छा दूल्हा और एक अच्छी नौकरी के लिए एक लड़की का गोरा होना जरूरी है. मुझे खुशी है कि वक्त बदल गया है और खूबसूरती की परिभाषा पर बातचीत शुरू हो गई है.

दबंग 3 में पुलिसवाली बनेंगी प्रीति जिंटा?

सलमान खान की दबंग 3 और भी धमाकेदार होने वाली है। इसकी अनाउंसमेंट के वक्त से ही फैन्स खूब एक्साइटेड थे और जब ट्रेलर रिलीज हुआ तो एक्साइटमेंट और भी बढ़ गया। लेकिन अब इस फिल्म से प्रीति जिंटा का भी नाम जुड़ गया है।

दरअसल प्रीति ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक फोटो शेयर किया है, जिसमें वह पुलिस की वर्दी में नजर आ रही हैं। साथ में चुलबुल पांडे वाले लुक में सलमान खान हैं। इस फोटो के साथ प्रीति ने लिखा है, इस हैलोवीन में यूपी में किसी स्पेशल से मिली। बोलो कौन? सोचो और बोलो।

प्रीति के इस पोस्ट ने फैन्स के बीच बेचैनी बढ़ा दी है। कहा जा रहा है कि इस फिल्म में प्रीति जिंटा भी हैं। लेकिन देखते हैं कि इससे सस्पेंस कब उठता है। दबंग 3 को प्रभुदेवा ने डायरेक्ट किया है। 20 दिसंबर को को रिलीज होने जा रही इस फिल्म के जरिए महेश मांजरेकर की बेटी साई मांजरेकर डेब्यू कर रही हैं। वहीं साउथ सुपरस्टार किच्चा सुदीप भी इस

फिल्म के जरिए बॉलिवुड में एंट्री करने जा रहे हैं।

दबंग 3 में सोनाक्षी सिन्हा और अरबाज खान भी नजर आएंगे। जबकि चुलबुल पांडे के सौतेले पिता का रोल स्वर्गीय ऐक्टर विनोद खन्ना के भाई प्रमोद खन्ना निभाएंगे।

अपनी इस एक आदत से छुटकारा पाना चाहती हैं नेहा

अभिनेत्री नेहा धूपिया अपने सेलेब्रिटी चैट शो नो फिल्टर नेहा के चौथे सीजन के साथ वापस आ रही हैं और वह इसे लेकर काफी उत्साहित हैं। शो के बारे में बात करते हुए नेहा ने कहा, मुझे लगता है कि सबसे महत्वपूर्ण बात जो इस शो को इस तरह के दूसरे शोज से अलग बनाती है वह यह है कि जहां तक पॉडकास्ट की बात है तो हम इस गेम में थोड़ा आगे है। यह ऑडियो है, यह और अधिक अंतरंग है और मेरा मानना है कि जिस मात्रा में हम अपने मेहमानों पर रिसर्च करते हैं, उसे लेकर मुझे सबसे ज्यादा गर्व है। नए सीजन के पहले एपिसोड का प्रसारण पिछले मंगलवार को हुआ था। इसमें शाहिद कपूर सेलेब्रिटी गेस्ट के तौर पर थे। इस सीजन के अन्य मेहमानों के बारे में बात करते हुए नेहा ने कहा, कई मजेदार मेहमान हैं।

पालक कढ़ी पंजाब की फेमस और ट्रेडिशनल डिश

पालक कढ़ी पंजाब की फेमस और ट्रेडिशनल डिश है, जिसे अधिकतर वहां के लोग लंच में सर्व करते हैं। पौष्टिकता से भरपूर इस कढ़ी को बनाते समय इसमें पालक मिलाया जाता है। जिससे इसका स्वाद और बढ़ जाता है। तो आइए जानते हैं आखिर कैसे बनती है पालक कढ़ी।

सामग्री-

-पालक - 1/2 कि लो, -दही- 1 कटोरी, -बेसन- 4 चम्मच, -मेथी दाना- 8 चम्मच, -हींग चुटकी भर, -सौंफ - 1 चम्मच, -सूखी लाल मिर्च- 4, -नमक - स्वादानुसार, -हल्दी- 1/2 चम्मच, -तेल- 2 चम्मच,

विधि-

पालक को साफ करके धो लें और बारीक काट लें। कड़ाही में तेल गर्म करें और उसमें हींग, मेथी, लाल मिर्च, सौंफ और हल्दी डालें। एक दो मिनट बाद कड़ाही में पालक डालें और मध्यम आंच पर भून लें। इस बीच एक बर्तन में दही, बेसन और पानी डालकर अच्छी तरह से फेंटें ।

जब पालक का पानी सूख जाए तो बेसन वाला यह मिश्रण कड़ाही में डालें और लगातार चलाते हुए मध्यम आंच पर कढ़ी को पकाएं। नमक डालकर मिलाएं। जब

कढ़ी गाढ़ी हो जाए तो गैस बंद करें। चावल के साथ गर्मागर्म पेश करें।

शब्द सामर्थ्य- 33

बाएं से दाएं

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असम्मान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

ऊपर से नीचे

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 32 का हल

भू	कं	प	■	फा	य	दा	■	स
प	■	ल	ला	ट	■	य	ती	म
ति	ल	क	■	क	न	क	■	झ
■	क्ष्म	■	■	■	रे	■	■	■
ग	ण	क	■	सं	श	य	■	सौ
ह	■	या	च	क	■	म	न्न	त
रा	क्ष	स	■	र	क्ष	क	■	न
■	त्रि	■	■	■	मि	■	■	■
शा	य	री	■	का	त	र	■	गो

सू-दोकू- 33

	8				1		5	
6			8			2		3
	3				2		1	
		3		9		5		4
5			3				9	
		4		2				6
4			2		3		6	
		6				8		7
	2	9	7		6			

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र 32 का हल

5	3	9	7	4	8	6	2	1
2	1	6	5	9	3	4	7	6
4	7	8	1	6	2	3	5	9
3	6	1	8	5	9	2	4	7
8	5	2	3	7	4	1	9	6
7	9	4	2	1	6	8	3	5
6	4	7	9	2	1	5	6	3
1	8	5	4	3	7	9	6	2
9	2	3	6	8	5	7	1	4

आज का राशिफल

मेषः- धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे।

वृषः- चोट व दुर्घटना से हानि तथा पीड़ा का योग बनता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें, क्लेश हो सकता है।

मिथुनः- कानूनी अड़चन दूर होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में अधिकारी वर्ग प्रसन्नता जाहिर करेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेश इत्यादि मनोनुकूल लाभ देंगे।

कर्कः- स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं। पार्टनरों से सहयोग प्राप्त होगा। कोई कारोबारी बड़ा सौदा लाभ दे सकता है। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में वृद्धि होगी।

सिंहः- शत्रु परास्त होंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आयोजन हो सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ प्राप्त होगा। जीवन सुखमय व्यतीत होगा। विवाद को बढ़ावा न दें।

कन्याः- बुरी खबर प्राप्त हो सकती है। उत्साह में कमी रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। दौड़धूप अधिक रहेगी। घर-परिवार की चिंता बनी रहेगी।

तुलाः- व्यापार-व्यवसाय में लाभ के योग हैं। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। मेहनत का फल मिलेगा। नौकरी मे प्रभाव बढ़ेगा। उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे।।

वृश्चिकः- घर में मेहमानों का आगमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा।

धनुः- आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम हो सकती है। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति के योग हैं।

मकरः- वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से हानि होगी। बड़ों की सलाह मानें, लाभ होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

कुंभः- यात्रा लाभदायक रहेगी। रुका हुआ धन प्राप्ति के योग हैं, प्रयास करें। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।

मीनः- मित्रों तथा संबंधियों का सहयोग कर पाएंगे। मान-सम्मान मिलेगा। रुके कार्य पूर्ण होंगे। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। नए काम मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी।